UP Board Solutions for Class 7 Hindi Chapter 33 डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (महान व्यक्तित्व)

अभ्यास-प्रश्न

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

प्रश्न 1:
डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म कब और कहाँ हुआ ?
उत्तर:
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई, 1901 को कोलकता (बंगाल) में हुआ था।

प्रश्न 2:
उप कुलपति रहते हुए डॉ० मुखर्जी ने शिक्षाक्रम में क्या बदलाव किया?
उत्तर:
कुलपति रहते हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने शिक्षा क्रम में बदलाव करते हुए बांग्ला भाषा को माध्यम बनाया और बांग्ला, हिंदी एवं उर्दू में ऑनर्स की परीक्षाएँ निर्धारित की।

प्रश्न 3:
मंत्रिमण्डल से त्यागपत्र देने के बाद डॉ० मुखर्जी ने क्या किया?
उत्तर:
मंत्रिमंडल से त्यागपत्र देने के बाद डॉ. मुखर्जी ने नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभाई और अपने नए राजनीतिक मंच भारतीय जनसंघ का गठन किया।

प्रश्न 4:
डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा समर्थित प्रजा परिषद के सत्याग्रह का क्या उद्देश्य था?
उत्तर:
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा समर्थित प्रजा परिषद के सत्याग्रह का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना था।

प्रश्न 5:
डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान के परिणामस्वरूप जम्मू-कश्मीर राज्य के संबंध में क्या बदलाव आए?
उत्तर:
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान के परिणामस्वरूप जम्मू-कश्मीर की तत्कालीन सरकार को अपदस्थ किया गया और अलग संविधान, अलग प्रधान एवं अलग झंडे का प्रावधान निरस्त हो गया।

https://www.evidyarthi.in/